दिन–सोमवार दिनांक– 17 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात की और उनसे राज्य मंत्रिमंडला को उन्नीस नवम्बर से भंग करने की सिफारिश की। श्री कुमार ने मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में पारित प्रस्ताव के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने इस सिफारिश पर सकारात्मक आश्वासन दिया है।

————————————————————————————

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर हलचल तेज हो गई है। एनडीए के घटक दलों की विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव किया जा रहा है। हम और लोजपा ने अपने विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कर लिया है। जनता दल यूनाइटेड के विधायक दल की आज बैठक होगी। जिसमें नवनिर्वाचित विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे। इधर, भाजपा के नवनिर्वाचित 89 विधायकों की बैठक कल होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रदेश मुख्यालय में होने वाली बैठक में पार्टी के विधायक दल का नेता चुना जाएगा। डॉ जायसवाल ने बताया कि इसके बाद कल ही एनडीए के पांचों दलों के विधायक दल की एक साथ बैठक होगी। जिसमें एनडीए के सभी नवनिर्वाचित दो सौ दो विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गठबंधन के विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है। इसके बाद ही एनडीए के विधायक दल के नये नेता की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा और समर्थन में विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी जाएगी।

————————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बीस नवम्बर को नई सरकार का शपथ ग्रहण होने की संभावना है। इसे लेकर गांधी मैदान के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

————————————————————————————

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बताया कि 20 नवंबर को बिहार में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। श्री मांझी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के 16, जनता दल यूनाइटेड के 14 से 15 और लोक जनशक्ति पार्टी के तीन सदस्यों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि एक–एक सदस्य हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने की भी संभावना है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा के लिए आज बैठक बुलाई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित विधायकों के साथ ही चुनाव में पराजित उम्मीदवार भी शामिल होंगे। बैठक में चुनाव परिणामों और संगठन से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि राजद का अंतरकलह तेजस्वी यादव के अहंकार का परिणाम है। श्री प्रसाद ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि रोहिणी आचार्य के बयान इस बात की पुष्टि करते है कि परिवारवादी पार्टियों में सिद्धांतों की कोई जगह नहीं है।

———————————————————————————

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मीडिया संगठनों से लोकतांत्रिक व्यवस्था के चौथे स्तंभ के रूप में भूमिका निभाकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का आग्रह किया है। उन्होंने डिजिटल युग में झूठी और भ्रामक खबरों के प्रसार को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। श्री राधाकृष्णन ने हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार–2025 के उद्घाटन समारोह में यह बात कही।

———————————————————————————

रोहतास के गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती उत्साहपूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा योजना एनएसएस की इकाई ने प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

———————————————————————————

पश्चिम पंचारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या सात सौ सत्ताईस पर विशुणपुरवा के पास एक तेज रफ्तार कार बारातियों को रौंद दिया। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि सोलह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

समाप्त